वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए एमआरवीसी के निष्पादन पर संक्षिप्त समीक्षा टिप्पणी

31.03.2020 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के वित्तीय परिणामो की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार है।

[रु. करोड़ में]

विवरण	वर्ष 31.03.2020 को समाप्त	वर्ष 31.03.2019 को समाप्त
आय	69.63	82.75
व्यय	49.44	46.63
व्यय की तुलना में अतिरिक्त आय -पूर्व अवधि मद एवं कर से पहले	20.19	36.12
जोड़/ निवल - पूर्व अवधि समायोजन - शुद्ध	0.59	0.25
वर्ष के लिए व्यय की तुलना में अतिरिक्त आय	19.60	35.87
पिछले वर्ष से लाया गया अधिशेष	221.25	203.97
आंतरिक बढ़ोतरी का परिनियोजन (सरप्लस डिप्लॉयमेंट)	21.51	18.59
तुलनपत्र में सरप्लस राशि का उल्लेख	219.34	221.25
सीएसआर पर व्यय	0.91	0.73
प्रति शेयर आमदनी रू. में (प्रति शेयर अंकित मूल्य रु.1000/-)	784.01	1434.89

31.03.2020 तक कंपनी की कुल निवल मूल्य रु.244.34 करोड़ है जो पिछले वर्ष रु.246.25 करोड़ थी। वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान उत्पन्न अधिशेष की तुलना में संचित अधिशेष की अधिक परिनियोजन के कारण निवल मूल्य में मामूली कमी आई है। 31.03.2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान मुंबई अर्बन ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट (एमयुटीपी) और एमयुटीपी के अलावा अन्य कार्यों पर व्यय कुल रु.635.08 करोड़ रहा जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में रु.672.53 करोड़ था।

एमआरवीसी 12ए पंजीकृत कंपनी होने के नाते आयकर अधिनियम, 1961 के अनुपालन में, उसके लाभों के अधिशेषों की पांच वर्ष की अवधि तक अपने उध्देश्यों को बढ़ावा देने के लिए पुन: निवेश करती है। और तदनुसार, 2019-20 के दौरान एमयूटीपी और संबंधित सहायक कार्यों पर इसके संचित अधिशेष में से रु 21.51करोड़ खर्च किए ।

ए-एमयूटीपी के कार्य

			रु. करोड में
1.0	**फेज-1**	**संशोधित समापन लागत**	**समापन लागत**
1.0	फेज-1 का कार्य पूरा हो चुका है	4501.00	4452.67
2.0	**फेज-2**	**संशोधित समापन**	**संचयी व्यय**

		लागत	(31.03.2020)
i	2ए		
1	डीसी से एसी रूपांतरण	838.48	795.37
2	ईएमयू खरीद / निर्माण	3104.47	2950.72
3	ईएमयू रख-रखाव की सुविधाएँ	353.82	330.39
4	ईएमयू के लिए स्टेबीलाइजिंग लाइन्स	245.11	248.52
5	तकनीकी सहायता और संस्थागत को सुदृढ़ करना	47.00	55.98
6	ऐसकेलेटर की सुविधा सह अतिचार नियंत्रण	205.00	223.69
7	आवंटित रहित और ऋण संबंधी प्रारंभिक छूट	8.80	0.00
	कुल (2ए)	**4802.68**	**4604.67**
ii	2बी		
1	कुर्ला-सीएसएमटी 5वीं और 6वीं लाईन	1367.00	182.02
2	ठाणे-दिवा अतिरिक्त लाईनों की जोड़ी	440.00	528.99
3	बोरीवली-मुंबई सेंट्रल 6वीं लाइन	918.53	350.42
4	गोरेगांव के लिए हार्बर लाइन का विस्तार	214.00	235.14
5	स्थानांतरगमन और पुनर्वास	124.00	23.43
6	स्टेशन सुधार और अतिचार नियंत्रण	220.90	185.07
	कुल (2बी)	**3284.43**	**1505.07**
	कुल (2ए+2बी)	**8087.11**	**6109.74**
3.0	**2सी (हार्बर लाइन पर 12 डिब्बों की ईएमयू का चलना (सीएसएमटी-पनवेल/ अंधेरी)**	**अनुमानित समापन लागत**	**संचयी व्यय (31.03.2020)**
1	सीएसएमटी-पनवेल-अंधेरी [हार्बर लाइन पर 12 डिब्बों की ईएमयू का संचालन (सिड्को भाग)]	666.47	616.44
2	सीएसएमटी-पनवेल-अंधेरी [हार्बर लाइन पर 12 डिब्बों की ईएमयू का संचालन (एमएमआरडीए भाग)]	123.08	123.43
	कुल	**789.55**	**739.87**
4.0	**फेज-3**	**अनुमानित समापन लागत**	**संचयी व्यय (31.03.2020)**
1	एरोली-कलवा के बीच नया उपनगरीय कॉरिडोर लिंक (उच्च स्तर)	476.00	81.65
2	नया उपनगरीय रेलवे कॉरिडोर पनवेल-कर्जत (डबल लाइन)	2782.00	262.90
3	विरार-डहानू रोड का चौहरीकरण	3578.00	124.84
4	रोलिंग स्टॉक की खरीद (565 कोच)	3491.00	-
5	मध्य-खंड पर अतिचार नियंत्रण	551.00	115.43

6	तकनीकी सहायता	69.00	18.51
	कुल फेज-3	**10,947.00**	**603.32**
5.0	**फेज-3ए**	**अनुमोदित / अनुमानित लागत**	**संचयी व्यय (31.03.2020)**
1	गोरेगांव से बोरीवली के बीच हर्बर लाइन का विस्तार	825.58	-
2	बोरीवली से विरार के बीच 5वीं और 6वीं लाईन	2184.02	0.08
3	कल्याण से आसनगांव के बीच चौथी लाईन	1759.16	-
4	कल्याण से बदलापुर के बीच तीसरी और लाइन	1509.87	0.23
5	कल्याण यार्ड-लंबी दूरी और उपनगरीय यातायात का अलगाव	865.68	-
6	भारक क्षमता में वृद्धि और सीबीटीसी का उपयोग करते हुए संरक्षा में बढ़ोतरी	5928.33	-
7	एम.यू.टी.पी -3ए के तहत स्टेशन सुधार	946.94	0.79
8	वातानुकूलित ई एम यू रेक की खरीद (191-12 कोच)	15802.89	-
9	ईएमयू रख-रखाव की सुविधाएँ	2352.77	-
10	स्टेबलिंग लाइन्स (97 लाइन्स)	556.63	-
11	पावर सप्लाई में वृद्धि- ट्रैक्शन एवं सामान्य पावर सप्लाई	708.13	-
12	तकनीकी सहायता	250.00	-
	कुल (3ए)	**33,690.00**	**1.10**
6.0	**अन्य एमयूटीपी कार्य एमआरवीसी के अधिशेष से) ('निष्पादित**	**अनुमोदित / अनुमानित लागत**	**संचयी व्यय (31.03.2020)**
	एमआरवीसी के अधिशेष से निष्पादित कार्य	103.88	109.61
	कुल ए (1.0+2.0+3.0+4.0+5.0+6.0)	**58,118.54**	**12,016.31**
(बी)	**एम.यू.टी.पी. के अलावा कार्य**		**₹ करोड में**
7.0	**एमएमआरडीए कार्य**	**अनुमानित समापन लागत**	**संचयी व्यय (31.03.2020)**
1	स्काईवॉक-मेट्रो स्टेशन- अंधेरी एमएमआरडीए का निर्माण	7.99	7.70
	कुल	**7.99**	**7.70**
8.0	यात्री सुविधाएं (एफओबी का निर्माण)	**अनुमानित समापन लागत**	**संचयी व्यय (31.03.2020)**
1	मध्य रेलवे में एफओबी का निर्माण	134.36	44.62
2	पश्चिम रेलवे में एफओबी का निर्माण	188.49	116.98
	कुल	**322.85**	**161.59**

9.0	पुणे-लोनावला तीसरी-चौथी लाइन(डी.पी.आर.) - कंसल्टेंसी	**अनुमानित समापन लागत**	**संचयी व्यय (31.03.2020)**
1	डीपीआर पुणे लोनावाला की तैयारी हेतु-कंसल्टेंसी सर्विस	3.17	3.74
	कुल	**3.17**	**3.74**
10.0	इरिसेन-पुणे में छात्रावास भवन का निर्माण	**अनुमानित समापन लागत**	**संचयी व्यय (31.03.2020)**
1	इरिसेन-पुणे में छात्रावास भवन का निर्माण	53.26	0.50
	कुल	**53.26**	**0.50**
	कुल-बी (7.0+8.0+9.0+10.0)	**387.27**	**173.53**
	कुल योग [(बी)+(ए)]	**58,505.81**	**12,189.84**

समीक्षा वर्ष के दौरान एमआरवीसी द्वारा प्राप्त की गई कुछ प्रमुख उपलब्धियं निम्नानुसार हैं:-

क) दिनांक 21.08.2019 को डीईए और एआईआईबी के साथ एमयूटीपी-III (यूएसडी 500 मिलियन) हेतु ऋण वार्तालाप सफलता पूर्वक सफल हुआ।

ख) डीईए ने उनके पत्र दिनांक 30.08.2019 के द्वारा एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक द्वारा एमयूटीपी-3ए-1 के लिए एवं नई डेवलपमेंट बैंक द्वारा एमयूटीपी-3ए-2 के लिए क्रमश: यूएसडी 500 मिलियन की दी जाने वाली सहायता के लिए कहा है।

ग) दिनांक 01.09.2019 को माननीय रेल मंत्री (एम आर) श्री पीयूष गोयल ने सह्याद्री, मुंबई में क्षेत्रीय रेलों, राज्य सरकार और एमआरवीसी के साथ एक समीक्षा बैठक की जिसमें विकास के विभिन्न कार्यों से उन्हें अवगत कराया गया। बैठक के दौरान अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक, एमआरवीसी द्वारा माननीय रेल मंत्री के समक्ष विभिन्न चालू एमयूटीपी कार्य और उसके भविष्य के प्लान पर आधारित एक प्रस्तुतीकरण दी गई।

घ) दिनांक 30.11.2019 को श्री वी.के. यादव, अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड ने एमआरवीसी का दौरा किया। उन्होंने विभिन्न एमयूटीपी कार्यों की समीक्षा की। अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड ने एमआरवीसी के 'गोल जीरो' नामक सुरक्षा अभियान की शुरुआत की जिसका उद्येश्य परियोजना के कार्यान्वयन के दौरान 100 प्रतिशत सुरक्षा प्राप्त करना है।

ङ) एमयूटीपी-III के तहत विरार-दहानू के चौड़ीकरण से संबंधित एक सार्वजनिक और अन्य हित धारक परामर्श बैठक सफाले और पालघर में क्रमश: दिनांक: 14.06.2019 और 15.06.2019 को आयोजित की गयी थी जिसमें योजना विवरण, पर्यावरण और सामाजिक (भूमि अधिग्रहण, परियोजना से प्रभावित व्यक्तियों का भौतिक विस्थापन, आजीविका पर प्रभाव) असर और उसके उपाय एवं पर्यावरण संबंधी जोखिम, स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधित आदि पर संक्षेप में चर्चा की गई। यह सभी भागीदारों और परियोजना प्रभावित व्यक्तियों को परामर्श में भाग लेने के लिए आमंत्रण था।

च) एनडीबी और एआईआईबी के साथ उद्येश्य:

i) एमयूटीपी-3ए हेतु दिनांक 17 से 20 दिसम्बर, 2019 तक नेशनल डेवेलपमेंट बैंक आईडेनटिफिकेशन मिशन ने एमआरवीसी का दौरा कियाI मिशन ने वनगांव और भिवपुरी में प्रस्तावित कारशेड के जगह का भी दौरा किया परियोजना के ई एंड एस असर को समझने के लिए।

ii) दिनांक 16 से 18 मार्च, 2020 को एमयूटीपी-III और एमयूटीपी-3ए-1 के लिए एआईआईबी और एमआरवीसी द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का एमयूटीपी-III के अद्यतन प्रगति पर चर्चा करना और तकनीकी बिन्दुओं को देखते हुए परियोजना की तैयारी, विस्तारित डिजाइन, पर्यावरण और सामाजिक मुद्दे, वित्तीय प्रबंध, खरीद आदि मुख्य उद्येश्य था।

छ) मिड सेक्शन ट्रेसपास कंट्रोल और रेलवे द्वारा सौंपे गए कार्य के तहत समापन वर्ष के दौरान पश्चिम और मध्य रेल पर विभिन्न एफओबी- ग्रांट रोड, मुंबई सेंट्रल, अंधेरी, मुलुंड, टिटवाला, आंबिवली आदि जगहों पर पूरे किए गए।

ज) आईएसओ प्रमाण-पत्र

मुंबई क्षेत्र में एमयूटीपी के तहत रेल इनफ्रास्ट्रक्चर परियोजना को लागू करने के लिए व्यवसायिक स्वास्थ्य और संरक्षा प्रबंधन सिस्टम हेतु एमआरवीसी को आईएसओ (ISO 45001:2018) प्रमाण-पत्र क्रंमांक. IN87439C-1 और पर्यावरण प्रबंधन सिस्टम (ISO 14001:2015) प्रमाण-पत्र क्रंमांक IN87439B प्राप्त हुआ है।

झ) कोविड-19 और निर्माण गतिविधियां

वित्तीय वर्ष-2020 के अंत में कोविड-19 महामारी बहुत तेजी से राष्ट्रीय संकट के रुप में उभरी जिसने सरकार को बाध्य किया कि सभी आर्थिक गविविधियों पर सामान्य लॉकडाउन लगाया जाए। कंपनी का ध्यान सभी कार्मियों के सुखद और अच्छे स्वास्थ्य की ओर तुरंत परिवर्तित हो गया और कम से कम कार्य को प्रभावित किए बगैर कर्मचारियों को घर से ही कार्य करने की अनुमति दी गई। हालांकि जब मुंबई में कोविड की स्थिति बहुत खराब थी और संपूर्ण लॉकडाउन था, फिल्ड वर्क गंभीर रुप से प्रभावित हुआ। मध्य और पश्चिम रेलों पर राज्य सरकार से अनुमति मिलने पर एसओपी का पालन करते हुए निर्माण की गतिविधियां बाद में शुरु हो गईं।

ट) अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन द्वारा दिनांक 21, जून, 2019 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन सभागृह में किया गया जिसमें अधिकारियों व कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। निदेशक परियोजना ने अधिकारियों व कर्मचारियों को सबोंधित करते हुए योग के महत्त्व को समझाया उसके पश्चात आयुष मंत्रालय द्वारा योग पर बनाई गयी एनीमेटेड फिल्म का प्रसारण किया गया।

ठ) स्वच्छता पखवाड़ा 2019

डीपीई के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार, कार्पोरेशन ने **16 से 31 अगस्त, 2019** के दौरान 'स्वच्छता पखवाड़ा' मनाया। 'स्वच्छता' पर शपथ ली और 'सफाई' गतिविधियों की गई।

ड)　**रेल मंत्रालय और एमआरवीसी के बीच प्रदर्शन समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर**

डीपीई के अंतर मंत्रालयी समिति द्वारा 2019-2020 के लिए प्रदर्शन समझौता ज्ञापन का लक्ष्य निर्धारित किया गया और दिनांक 21.05.2019 को रेल मंत्रालय और एमआरवीसी के बीच हस्ताक्षर किया गया।

*****